तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 कम्बल का वितरण, पौधरोपण कर संरक्षण का लिया...

11 विजय शर्मा ने बालक छात्रावास निर्माण ...


# मऊ, कुरदा और मोहरेंगा की समितियों के प्रबंधक-विक्रेताओं को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

- चार बिंदुओं पर मांगा गया जवाब

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की लापरवाह व्यवस्था एक बार फिर उजागर हुई है। अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा ने लगातार मिल रही शिकायतों और विभागीय निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं के बाद सेवा सहकारी समिति मऊ, कुरदा और मोहरेंगा के प्रबंधकों एवं विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस थमा दिया है। खाद्य संचालनालय रायपुर से आए निर्देशों के बाद की गई इस कार्रवाई ने पूरे क्षेत्र में हलचल बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार नवंबर माह में जब निरीक्षण दल गांवों में पहुंचा, तो कई उचित मूल्य दुकानों पर ताला लटका मिला। हितग्राहियों ने बताया कि कई दिनों से दुकानें नहीं खुलीं, राशन लेने वापस लौटना पड़ा।

और किसी भी प्रकार की जानकारी उपलब्ध नहीं थी। मऊ, कुरदा और मोहरेंगा में अंत्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को भी निर्धारित समय-सीमा में खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया गया, जो छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 का गंभीर उल्लंघन है।

## राशन वितरण में लापरवाही पर प्रशासन सख्त

### एफआईआर और निलंबन की चेतावनी

नोटिस में संबंधित प्रबंधकों और विक्रेताओं से पूछा गया है कि दुकानें लंबे समय तक बंद क्यों रहीं? समय-सीमा में राशन वितरण क्यों नहीं किया गया? क्यों न आपके खिलाफ थाने में अपराध दर्ज की जाए? क्यों न दुकान का निलंबन या निरस्तीकरण किया जाए? नोटिस में यह भी दर्ज है कि ऐसी लापरवाही से सरकारी योजनाओं के हितग्राहियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है और यह कर्तव्यहीनता की श्रेणी में आता है।


कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा
कारण बताओ नोटिस
[illegible]

### 48 घंटे में जवाब नहीं तो एकपक्षीय कार्रवाई

एसडीएम बेमेतरा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि दो दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। नवंबर माह का राशन न मिलने से ग्रामीणों ने भी नाराजगी जताई है। कई हितग्राहियों ने कहा कि दुकानें मनमर्जी से खुलती हैं और कोई सूचना नहीं मिलती। एसडीएम बेमेतरा प्रकाश भारद्वाज ने कहा, पीडीएस जैसी महत्वपूर्ण योजना में लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं। हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर पर भाजपा ने मण्डलों एवं शक्ति केंद्र मे गठित की टोली

**बेमेतरा।** भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री व एसआईआर बेमेतरा विधानसभा प्रभारी होरीलाल सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि बेमेतरा विधानसभा के सभी बूथों मे दो - दो बी एल ओ की नियुक्ति के साथ साथ सभी मण्डलों एवं शक्ति केंद्रों मे समिति गठन व शक्ति केंद्रों की कार्यशाला किया जा चुका है ओर लगातार बीएलओ से सम्पर्क कर गणना फार्म वितरण एवं जमा की सतत निगरानी की जा रही है । सिन्हा ने कहा हमारा मुख्य उद्देश्य 1 जनवरी 2026 की स्थिति मे जिसका 18 वर्ष की आयु पूर्ण है उनका नाम मतदाता सूची मे जोड़ना, हर योग्य मतदाता जो भारत गण राज्य के नागरिक है उसका नाम मतदाता सूची मे दर्ज हो इसकी चिंता करना तथा अयोग्य मतदाता का पहचान कर सूची से हटाना है। श्री सिन्हा ने इस कार्य मे सभी जिम्मेदार नागरिकों से भागीदार बनने आह्वान किया।

### कंस्ट्रक्शन के दौरान हुए हादसे में श्रमिक की मौत

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट में भीषण हादसा सामने आया है। हादसे में मजदूर की ऊंचाई से गिरने के बाद मौत हो गई। खून से लथपथ लाश को सेक्टर 9 हॉस्पिटल की मरच्यूरी में रखा गया है। पोस्टमार्टम के बाद इसे परिजनों को सौंपा जाएगा। मजदूर के परिजनों और यूनियनों ने मुआवजा और नौकरी को लेकर बीएसपी प्रबंधन से मांग की है। जानकारी के मुताबिक बीएसपी के एसएमएस 2 में प्रोजेक्ट बिल्डिंग बन रही है। यहां मेकॉन कंपनी के अधीन निर्माण कार्य चल रहा है। पेटी ठेकेदार एम मोहन के अधीन 43 वर्षीय देवेंद्र चंद्राकर काम कर रहे थे। कंस्ट्रक्शन के लिए एक ट्रॉली लगाई गई थी, जो सामान ऊपर पहुंचाता है। इसी बेंच पर मजदूर ने अपना सेफ्टी हार्नेस फंसा दिया गया था। स्ट्रक्चर टूटते ही मजदूर भी नीचे आ गया। जमीन पर गिरकर मौत हो गई। ऊपरी मंजिल तक ईट ले जाने वाले स्ट्रक्चर टूटने से हादसा हुआ। इसकी चपेट में आने से मजदूर को गहरी चोट लगी। उसे उपचार के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### वाहन की ठोकर से युवक की मौत, अपराध दर्ज

भिलाई। अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि वार्ड 4 राजीव नगर दुर्ग निवासी देवेश अग्रवाल स्कूटी से घर से घूमने निकले थे। पोटिया चौक से पुलगांव चौक के बीच फर्नीचर दुकान के पास अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। हादसे देवेश की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दी। देवेश का विवाह दो साल पहले ही हुआ था।

## धान खरीदी : लापरवाही व कार्य बाधित करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

# धान खरीदी को सुचारू रखने प्रशासन सख्त आवश्यक सेवाओं की सुरक्षा के लिए एस्मा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- खरीदी किसी भी स्थिति में न रुके : कलेक्टर

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी 15 नवंबर से शांतिपूर्वक प्रारंभ हो चुकी है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान, देरी या लापरवाही बिल्कुल स्वीकार्य नहीं होगी। शासन ने धान खरीदी जैसे अति आवश्यक कार्य को निर्बाध बनाए रखने के लिए आवश्यक सेवा संरक्षण कानून याने एस्मा लागू कर दिया है, जिसके तहत शासन ने सख्त चेतावनी भी जारी की है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के पूरे धान खरीदी सीजन के दौरान खरीदी प्रणाली से जुड़े सभी कर्मचारी छत्तीसगढ़ आवश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 के दायरे में आएंगे। खरीदी कार्य हेतु नियुक्त किसी भी कर्मचारी द्वारा ड्यूटी स्थल पर अनुपस्थित पाए जाने, कार्य से इंकार करने, विलंब करने या किसी प्रकार का कार्य विराम लेने को एस्मा का उल्लंघन माना जाएगा। जिस पर बिना वारंट गिरफ्तारी सहित कठोर कार्रवाई का प्रावधान है।



### एस्मा क्या है

छत्तीसगढ़ अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 के तहत किसी भी ऐसी सेवा, जिसे शासन द्वारा अत्यावश्यक घोषित किया गया है, में कार्य से इंकार करना, कार्य रोकना या आंशिक/पूर्ण रूप से कार्य विराम लेना दंडनीय अपराध है। यह अधिनियम लागू होने पर संबंधित कर्मचारी अपनी निर्धारित ड्यूटी से अनुपस्थित नहीं रह सकते।

### किसानों के लिए सुगम वातावरण बनाएं



कलेक्टर शर्मा ने कहा कि जिले के किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, धान खरीदी की प्रक्रिया निर्बाध रूप से चलती रहे और शासन की अत्यावश्यक सेवाएँ निरंतर संचालित होती रहें, इसी उद्देश्य से एस्मा लागू किया गया है। उन्होंने सभी संबंधित कर्मचारियों व समितियों को निर्देशित किया है कि खरीदी केंद्रों में व्यवस्था मजबूत रखें और किसानों के लिए सुगम वातावरण सुनिश्चित करें।

# पंचकुंडीय महायज्ञ का दूसरे वर्ष का आयोजन 6 दिसंबर से: स्वामी ज्योतिर्मयानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- तैयारी को लेकर आयोजन समिति की बैठक



पंचकुंडीय महायज्ञ के आयोजन एवं तैयारियों पर यज्ञ समिति की जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज के कैंटीन स्थल पर बैठक हुई । इस दौरान यज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण के लिए भूमि स्थान मंडी प्रांगण को तय किया गया है । बैठक में 6 दिसंबर से 14 दिसंबर तक धार्मिक अनुष्ठान एवं शिव महापुराण की कथा का मंचीय आयोजन श्री ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य पर होगा । पंचकुंडीय महायज्ञ का यह आयोजन का दूसरा वर्ष है, जिसका भूमिपूजन 20 नवंबर को दोपहर 2 बजे किया जाएगा।

बैठक में मौजूद स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी सरस्वती महाराज ने कहा है कि बेमेतरा की जनता के लोककल्याण, सुख, शांति, समृद्धि के लिए पंचकुंडीय महायज्ञ और श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भक्तजन आयोजन में शामिल होकर तन, मन, धन से स्वैच्छिक सहयोग प्रदान करेंगे। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक घर से चाहे एक मुट्ठी चावल, घी, जौ, तिल,या अन्य वस्तु जो भी हो प्रत्येक की आहुति यज्ञ में पहुंचे। गौरतलब हो कि रुद्र महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण का आयोजन स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती द्वारा किया जाता है। बैठक में टेंट, लाइट व्यवस्था, यज्ञ स्थल निर्माण पर चर्चा की गई। साथ ही नगर में व्यापक प्रचार प्रसार किए जाने एवं जिसके लिए प्रचार सामग्री तैयार करने पर निर्णय लिया गया।

**ये रहे उपस्थित:** बैठक में सुमित चौबे ,शत्रुहन साहू, लेखमणि पाण्डेय ,जितेंद्र शुक्ला ,हीरालाल साहू ,महेंद्र गुप्ता, रोशन दत्ता, दीपक पांडे ,हितेंद्र साहू, प्रह्लाद मिश्रा ,शरद तिवारी, राजकुमार शर्मा, जय पाण्डेय, दुष्यंत तिवारी, ममता साहू, कमला साहू ,सीमा साहू, मीनू पटेल, उमेश्वरी साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदायों के अमूल्य योगदान का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- शाला सण्डी में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा मनाया

ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा 1 से 15 नवंबर तक मनाया गया। गौरतलब हो कि ज न जा ती य गौरव दिवस भारत के ज न जा ती य नायकों, उनकी संस्कृति और योगदान का सम्मान करने वाला एक राष्ट्रीय उत्सव होता है। जिसका समापन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में होता है। यह दिवस भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक ओमनारायण साहू ने बच्चों को आदिवासियों की संस्कृति सभ्यता के बारे में जानकारी प्रदान की। यह दिन स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदायों के अमूल्य योगदान के स्मरण का दिन है। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय तथा उनके जन जातीय समुदाय के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला गया। भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन परिचय तथा उनके द्वारा जन जातीय समुदाय के उत्थान के लिए किए सराहनीय कार्यों को सभा को अवगत कराया गया। संस्था प्रमुख मनीषा देवांगन ने कहा कि आदिवासी समुदाय श्री बिरसा मुंडा को अपना भगवान मानते है। इस दिन का उद्देश्य जनजातीय नायकों, उनकी संस्कृति और विरासत का उत्सव मनाना है, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनके बलिदानों और योगदानों के बारे में जान सकें। इस अवसर पर संस्था प्रमुख मनीषा देवांगन, शिक्षक लोकेश साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार सिन्हा ▶▶| शेष पेज 12 पर



# बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है, कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हों : आशीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- एसआईआर पर बेमेतरा, बेरला ब्लॉक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का राजीव भवन में दिया गया प्रशिक्षण



निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे विशेष ग्रहण पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर पर निगाह रखने कांग्रेस भी अपनी तैयारियों में जुट गई है। प्रदेश संगठन के निर्देश पर जिले के हर ब्लॉक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर एसआईआर से जुड़ी हर जानकारी मुहैया करा रही है।

रविवार जिला कांग्रेस कमेटी ने राजीव भवन बेमेतरा एवं बेरला विकासखंड सभी बूथ पदाधिकारीओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा। जिसमें विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर से संबंधित निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन सत्यापन प्रक्रिया तथा मतदाता सूची के अघतन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां बूथ लेवल एजेंटों को दी गई । इस दौरान मौजूद सभी बूथ कार्यकर्ता को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने बूथ लेवल पर अधिकारी से समन्वय स्थापित करके घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें तथा मतदाता सूची के अघतन में सहयोग प्रदान करें । बैठक को दुर्ग जिला प्रभारी राजेंद्र साहू तथा प्रशिक्षण अधिकारी विनोद वर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एसआईआर से जहां अवगत कराया वही जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि जिस तरह आज , सत्ता में बैठे लोगों के द्वारा संवैधानिक संस्थाओं को तोड़ मरोड़ कर अपने फायदे के लिए उपयोग किया जा रहा है ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की और विशेष रूप से बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की जिम्मेवारी है कि विशेष गहन पुनरीक्षण में कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न हो किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से गायब न हो और फर्जी मतदाता मतदाता सूची में दर्ज ना होने पाए इसके लिए हम सभी को सजग रहना होगा । उन्होंने कहा बी एल ओ से समन्वय स्थापित करके मतदाता सूची का शुद्धिकरण पूर्ण रूप से शुद्ध हो इस चीज को हमें ध्यान रखना है ऐसा ना हो कि भाजपा वाले मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण में अपनी ओर से कोई फर्जी मतदाताओं का सत्यापन कराये इस पर ध्यान रखना होगा ।

**ये बनाए गए प्रभारी:** बैठक में दुर्ग लोकसभा प्रभारी राजेंद्र साहू तथा प्रशिक्षण ▶▶| शेष पेज 12 पर

## सभी राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बुद्धिजीवी आए एक साथ

# नवागढ़ में सर्वदलीय मंच की स्थापना: क्षेत्रीय एकता और सामाजिक चेतना का नया अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़



रविवार को नवागढ़ विधानसभा ने वह ऐतिहासिक दृश्य देखा, जब विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और बुद्धिजीवियों ने एक साथ आकर सर्वदलीय मंच–नवागढ़ की शुरुआत की। अभियान का माहौल इतना ऊर्जावान रहा कि उपस्थित जनों ने इसे नवागढ़ की सामाजिक चेतना का नया अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि नवागढ़ का सम्मान किसी दल या व्यक्ति का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की अस्मिता से जुड़ा विषय है। सच, न्याय और सामाजिक सम्मान की लड़ाई अब अकेले नहीं, सामूहिक रूप से लड़ी जाएगी। उनके संबोधन ने सभा में जोश और स्पष्टता दोनों भरी। उपस्थित लोगों ने तालियों से इसका स्वागत किया।

**नेताओं ने मंच को बताया समय की जरूरत:** सुरेन्द्र तिवारी ने कहा कि नवागढ़ वर्षों से भ्रमजाल और झूठे प्रचार से जूझता रहा है। यह मंच अब क्षेत्र के लिए सुरक्षा कवच का काम करेगा। जावेद खान ने मंच को सच का प्रहरी बताते हुए कहा कि नवागढ़ को अब कोई भ्रमित नहीं कर पाएगा। यह मंच उन आवाजों को बल देगा जिन्हें वर्षों से दबाने की कोशिश होती रही है।

**सरपंच–पत्रकार विवाद पर खुलकर मंथन, सच्चाई सामने लाने का संकल्प:** बैठक में हाल के सरपंच संघ–पत्रकार समाज विवाद पर तीखी और खुली चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने स्वीकार किया कि षड्यंत्रकारियों ने योजनाबद्ध तरीके से अफवाहें फैलाकर दोनों सरपंच संघ एवं पत्रकार समुदायों को एक-दूसरे के खिलाफ भड़काने की कोशिश की। सर्वदलीय मंच ने निर्णय लिया कि दुष्प्रचार फैलाने वालों की पहचान की जाएगी, तथ्यों के आधार पर जांच की मांग की जाएगी, संवाद तंत्र इतना मजबूत बनाया जाएगा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की गलतफहमी न पनपे। प्रमुख वक्ताओं ने कहा कि अगर ऐसा मंच पहले होता तो यह विवाद कभी उत्पन्न ही नहीं होता।

### अनावश्यक प्रशासनिक दबावों पर भी चिंता, मंच ने लिया ऐतिहासिक फैसला

जिला पंचायत सदस्यों मधु रॉय और सुशीला जोशी ने कहा कि सक्रिय जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं पर अनावश्यक दबाव बढ़ना चिंताजनक है और लोकतांत्रिक वातावरण के खिलाफ है। नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने कहा कि अफवाहों और भ्रम की राजनीति ने युवाओं और सामाजिक ताने-बाने को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया है। अब इसे रोकने के लिए सामूहिक हस्तक्षेप जरूरी है। इसी बीच मंच ने एक ऐतिहासिक घोषणा किया कि नवागढ़ में अब कोई अकेला नहीं। जहां अन्याय होगा—पूरा मंच खड़ा होगा।

### साझी लड़ाई, साझा दिशा-नवागढ़ ने दी एकता की नई आवाज

वरिष्ठ समाजसेवी ईश्वर सिंह लोधी ने कहा कि समय की मांग है कि व्यक्तिगत मतभेदों को भुलाकर क्षेत्र की भलाई के लिए साथ खड़ा हुआ जाए। सर्वदलीय मंच ने तय किया कि- क्षेत्रीय सम्मान, सामाजिक सौहार्द, सत्य और न्याय के मुद्दों पर अब संपूर्ण नवागढ़ एक स्वर में जवाब देगा। ये रहे उपस्थित नवागढ़ की वास्तविक एकता की तस्वीर सभा में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। प्रमुख रूप से विकास धर दीवान, शक्तिधर दीवान, अनुप कुर्रे, सुरेन्द्र तिवारी, नरेंद्र शर्मा, जावेद खान, मधु रॉय, सुशीला जोशी, सिद्धांत चौहान, रितेश शर्मा, मनहरण सिंह ठाकुर, छन्नू गुप्ता, भगत कुंभकार, रामकुमार साहू और भागवत साहू शामिल रहे। इनकी उपस्थिति ने स्पष्ट किया कि मंच किसी एक समूह का नहीं, पूरे नवागढ़ का है।

# बूथों में पहुंच बीएलओ जनप्रतिनिधि दे रहे साथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत निर्वाचन आयोग जारी गहन विशेष पुनरीक्षण का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक किया जा रहा है। नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर यह कार्य प्रारंभ हो चुका है। बूथ क्रमांक 25,26,27 के पंजाबी पारा ,गंजपारा दुर्ग रोड रायपुर से लगे वार्ड नम्बर 11 में शासन से नियुक्त बीएलओद्वारा मतदाता सूची का पुनरीक्षण का कार्य घर घर जा कर कर रही है। जिनके सहयोग के लिए वार्ड के पार्षद एवं भाजपा द्वारा एसआईईआर कार्यक्रम के बूथ प्रभारी विकास तम्बोली ने बीएलओ संग बूथ सहयोग करते मतदाता सूची कार्य मे तीव्रता लाने जुटे रहे । श्री तंबोली ने अपील करते हुए कहा कि शहर के सभी बूथों में जनप्रतिनिधि अपने अपने वार्ड में निर्वाचन आयोग से नियुक्त बीएलओ का सहयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बनें।

**सौगात:** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रेंगाखार जलाशय एवं सीसी नहर लाइनिंग कार्य का किया भूमिपूजन

# रेंगाखार को 2 करोड़ 24 लाख रुपए के निर्माण कार्यों की मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के सुदूर वनांचल बैगा बाहुल्य क्षेत्र ग्राम रेंगाखार में विकास के नए अध्याय जुड़ने जा रहा है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने रविवार को रेंगाखार कला में 2 करोड़ 24 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाली रेंगाखार जलाशय शीर्ष एवं सीसी नहर लाइनिंग कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। वनांचल में इस कार्यक्रम के आयोजन से लोगों में उत्साह है।

इस दौरान उन्होंने जलाशय और निर्माण होने वाले स्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर किसानों, ग्रामीणों, महिलाओं, युवा साथियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक, सभी ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण का स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि रेंगाखार जलाशय के निर्माण से क्षेत्र के हजारों किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल सिंचाई सुविधा का विस्तार करेगी, बल्कि कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा भी प्रदान करेगी। 264 हेक्टेयर कृषि भूमि को स्थायी सिंचाई की सुविधा मिलने से फसल उत्पादन में वृद्धि होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विष्णुदेव सरकार का उद्देश्य केवल संरचनाओं का निर्माण करना नहीं है, बल्कि ऐसे स्थायी और प्रभावी कार्य करना है जो सीधे-सीधे किसान, आदिवासी और वनांचल के लोगों के जीवन को बेहतर बना सकें। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि रेंगाखार जैसे दूरस्थ क्षेत्र में इतनी बड़ी परियोजना का आरंभ यह प्रमाण है कि वर्तमान सरकार वनांचल के विकास को लेकर कितनी गंभीर है और कैसे प्राथमिकता में रखकर काम कर रही है।



### वनांचल क्षेत्र रेंगाखार का होगा समुचित विकास

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि वनांचल क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए, यहां के हर किसान को सिंचाई सुविधा मिले, हर गांव में समृद्धि आए और युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रेंगाखार सहित आसपास के गांवों में कई और विकास कार्यों को गति दी जाएगी। जल संसाधन विभाग पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहा है और रेंगाखार जलाशय इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद भी किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि शासन-प्रशासन किसानों के साथ खड़ा है और विकास की हर प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आने वाले समय में और भी बड़े प्रोजेक्ट इस क्षेत्र को नई ऊंचाई देंगे।

### परियोजना को लेकर क्षेत्र के किसानो में हर्ष

किसानों ने इस परियोजना को अपने जीवन का बदलाव बताते हुए कहा कि वर्षों पहले से प्रस्तावित यह कार्य आज साकार रूप ले रहा है, जिसके लिए वे उपमुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञ हैं। किसानों ने कहा कि बारिश पर निर्भर खेती ने उन्हें हमेशा अनिश्चितता में रखा, लेकिन इस जलाशय के बन जाने के बाद अब उनके खेत वर्षभर हरे-भरे रहेंगे और फसलें सुरक्षित होंगी। ग्रामीणों ने कहा कि यह परियोजना केवल जलाशय नहीं बल्कि उनके परिवारों की खुशहाली का सेतु है। रेंगाखार जलाशय परियोजना के माध्यम से न सिर्फ कृषि को नई दिशा मिलेगी, बल्कि इससे जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण और ग्रामीण जीवन में व्यापक सुधार होगा। आने वाले समय में इस जलाशय का असर पूरे क्षेत्र के आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य को प्रभावित करेगा और यह वनांचल विकास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बन जाएगा।



# धान खरीदी केंद्र कुंआमालगी में रखे बारदानों में लगी आग

- आग लगने का कारण अज्ञात, ग्रामीणों ने अपने बूते आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुंआमालगी धान खरीदी केन्द्र में खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व रविवार की दोपहर अग्नि दुर्घटना सामने आ गई। हालांकि ग्रामीणों की मदद से आग पर तत्काल काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां अंचल के किसानो से धान खरीदी के लिए शासन द्वारा बारदाना की खेप भेजी गई थी। बताया जाता है कि बारदाना धान खरीदी केन्द्र में असुरिक्षत ढंग से खुले में रखे थे। जिनमें रविवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई और बारदाना के बंडल धू-धू कर जलने लगे। बारदाना से धुंआ उठते देख आसमास मौजूद लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और अपने प्रयासों से आग पर काबू किया।

बताया जाता है कि इस अग्नि दुर्घटना में बारदाना के आधा दर्जन यानी सैकड़ो बारदाना क्षतिग्रस्त हो गए। अभी तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि आखिर बारदाना के बंडलो में आग कैसे लगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस समय समिति के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है और प्रायः समितियों की व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

यहीं वजह है कि ग्राम कुंआमालगी में इस तरह की अग्नि दुर्घटना सामने आई है।

## खबर संक्षेप



### विभाग ने कार्यक्रम में लगाई प्रदर्शनी

**कवर्धा।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर गत 15 नवम्बर को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा द्वारा स्थानीय पीजी कॉलेज (डोम) में विभागीय स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पण्डरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं जिला कलेक्टर कवर्धा द्वारा लघु वनोपज, छत्तीसगढ़ हर्बल्स उत्पाद तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी एवं स्टॉल का अवलोकन, निरीक्षण किया गया। स्टॉल में छत्तीसगढ़ हर्बल्स का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा इसकी गुणवत्ता, शुद्धता एवं उपयोगिता के संबंध में आमजन को जागरूक किया गया। साथ ही हर्बल उत्पादों की साइट पर बिक्री भी की गई।

### बाल दिवस पर विद्यार्थियों ने किया थाना भ्रमण



**स.लोहारा।** बाल दिवस के अवसर पर स.लोहारा के स्कूल छात्र, छात्राओं को स्थानीय थाना का भ्रमण कराया गया एवं थाना में होने वाले कार्यो के बारे मे बताया गया। इस दौरान थाना प्रभारी स. लोहारा मनीष मिश्रा द्वारा स्कूली छात्र, छात्राओं को वर्तमान में बढ़ रहे बाल संबंधी अपराधों को देखते हुए बच्चो को गुड टच बेड टच के बारे बताया गया साथ ही बच्चो को चाईल्ड लाईन 1098, 112, पास्को एक्ट एंव जेजे एक्ट के संबंध मे जानकारी दी गई एवं साईबर ठगो से सावधान रहने व यातायात नियमो का पालन के संबंध मे जानकारी देकर उन्हे जागरूक करने का प्रयास किया गया।

### 917 पदोन्नत प्राचार्यों की काउंसिलिंग 17 से

**कवर्धा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के 917 प्रधान पाठक को प्राचार्य, हायर सेकेंडरी पद पर पदोन्नत किया है। इन पदोन्नत प्राचार्य की पदस्थापना के लिए काउंसिलिंग 17 से 21 नवंबर तक रोज शासकीय शिक्षा कॉलेज सेक्टर-29 अटल नगर में होगी।

# जिले के तीन समिति प्रबंधक किए गए बर्खास्त

## हड़ताली समिति कर्मचारियों पर प्रशासन ने दिखाई सख्ती

- दावा : धान खरीदी केंद्र में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कामकाज छोड़ अपनी मांगों को लेकर बीते कई दिनो से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के कर्मचारियों पर अब प्रशासन ने सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में 15 नवम्बर से कृषक सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है लेकिन सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण कहीं न कहीं समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रभावित हो रहा है और इसके लिए शासन-प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है। समिति कर्मचारियों की इस रवैये को देखते हुए अब शासन प्रशासन ने उनके विरूद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है। इसी कड़ी में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादा जिन्दा, सल्फी और सहसपुर लोहारा द्वारा 14 नवंबर 2025 को जारी आदेश में तीन सहकारी समिति प्रबंधक जिंदा घनश्याम चन्द्रवंशी, सहसपुर लोहारा गंगादास मानिकपुरी और चिल्फी मनोज चन्द्राकर को अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित कर्मचारी को पूर्व में कार्यालयीन पत्र के माध्यम से तत्काल कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था, परंतु निर्धारित तिथि तक वह उपस्थित नहीं हुआ। इसके पश्चात अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत उसे कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। कर्मचारी द्वारा न तो कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण दिया गया और न ही कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया गया। इससे समिति के धान उपार्जन कार्य, ऋण वितरण, खाद एवं बीज वितरण जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियाँ प्रभावित हुईं और किसानों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। इस गंभीर कदाचार को ध्यान में रखते हुए बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए कि सेवा नियमों की कंडिका 16 के तहत लोकहित में व्यापक कार्य में बाधा डालने के कारण सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त किया गया।

### शासन ने लगाया एस्मा, अनुपस्थिति पर सख्त कार्रवाई तय, कर्मचारी कई दिनो से हड़ताल पर

छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी कार्य को किसी भी परिस्थिति में बाधित न होने देने के लिए बड़ा और कड़ा कदम उठाया है। धान खरीदी केंद्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल को देखते हुए सरकार ने एस्मा लागू कर दिया है। धान उपार्जन जैसे महत्वपूर्ण दायित्व को रोकना या प्रभावित करना किसानों के हितों पर सीधा असर डालता है। इसलिए इस हड़ताल को अवैध मानते हुए सभी कर्मचारियों को तत्काल कार्य पर लौटने के निर्देश जारी किए गए हैं। स्पष्ट किया है कि यदि हड़ताल पर गए कर्मचारी सोमवार तक अपनी ड्यूटी पर वापस नहीं लौटते, तो उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### पहले दिन जिले में 306.8 क्विंटल धान की खरीदी

जिला प्रशासन के मुताबिक कबीरधाम जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान उपार्जन कार्य का शुभारंभ बीते शनिवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उपार्जन के पहले दिन जिले में 306.8 क्विंटल धान की खरीदी संपन्न हुई। जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में नाप-तौल की व्यवस्था, कांटा–बांट, पर्याप्त बारदाना, ड्रेनेज सिस्टम सहित आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण उपार्जन कार्य प्रभावित न हो, यह देखते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा विशेष पहल की गई है।

# जिले के वनांचल नेऊर में विशाल आरोग्य मेला का आयोजन, सैकड़ों ग्रामीणों ने कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



वनांचल क्षेत्र के ग्राम नेऊर में एक दिवसीय आरोग्य मेला एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। जनहित में विशेष पहल करते हुए स्वास्थ्य विभाग पंडरिया द्वारा त्वरित कार्रवाई कर दूरस्थ क्षेत्रों के लिए यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर में नेऊर सहित रुकमिदादर, कांदावानी, बिरहुलडीह, कुशियारी और अमनियां जैसे वनांचल के दूरस्थ गांवों से भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। शिविर में आए सभी मरीजों का ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, टीकाकरण सहित विभिन्न प्रकार की जांचें की सुविधा उपलब्ध कराई गईं। जिन मरीजों को आवश्यकता थी, उन्हें मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। दिनभर चले इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने अपना उपचार कराया और तत्काल चिकित्सा सुविधा मिलने पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम की समग्र निगरानी ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. प्रेमी ने स्वयं की, जिन्होंने पूरे स्वास्थ्य अमले के साथ मिलकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में कुकुदुर एवं पंडरिया के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। आरोग्य मेले के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को मिल रही त्वरित चिकित्सा सुविधा की सराहना करते हुए ग्राम नेऊर की सरपंच श्रीमती पार्वती सुनहले ने भी स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास को ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया और आभार व्यक्त किया।

### ग्राम धनवाही में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम आयोजित



**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में ग्राम धनवाही में रविवार को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत स्वास्थ्य शिविर एवं जनसंपर्क कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संचालन में आरआई पुष्पेंद्र प्रताप सिंह और थाना प्रभारी तरेगांव आशीष कंसारी की सक्रिय भूमिका रही। शिविर में मोतियाबिंद जांच हेतु विशेषज्ञ टीम द्वारा ग्रामीणों की जांच की गई, जिसमें 60 से अधिक ग्रामीणों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक सहयोग गतिविधियों के तहत ग्राम के बुजुर्ग एवं जरूरतमंद नागरिकों को कंबल वितरण किया गया। युवाओं में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्रिकेट खिलाड़ियों को बैट-बॉल दिए गए और मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिससे ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना।

# कवर्धा में नालंदा परिसर का भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा नगर के लिए प्रस्तावित नालंदा परिसर का भूमि पूजन 17 नवम्बर को किया जाएगा। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा परिसर के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन, संतोष पाण्डेय सांसद राजनांदगांव लोकसभा, सुरेश चंद्रवंशी अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड ईश्वरी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत, राजेन्द्र चंद्रवंशी जिला अध्यक्ष भाजपा, सतविंदर पाहुजा अध्यक्ष भाजपा शहर मण्डल सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। भूमि पूजन कार्यक्रम 17 नवम्बर को प्रातः10 बजे जिला पंचायत के पास कवर्धा के पास किया जाएगा। गौरतलब है कि कवर्धा में नालंदा परिसर के शुभारंभ से कवर्धा और पूरे जिले के लिए ज्ञान, अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक केंद्रीय केंद्र बनेगा, युवाओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह की पढ़ाई की सुविधाएं प्रदान होंगी और युवाओं के लिए एक सुविधायुक्त माहौल तैयार होगा। जिससे प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं की बढ़ती संख्या को सीधा लाभ मिलेगा।

ग्राम रक्से स्कूल का राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में ऐतिहासिक प्रदर्शन

# छात्र योगेंद्र का मॉडल राष्ट्रीय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी हेतु चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2025-26 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रक्से के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और पूरे कवर्धा जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

ग्राम-धनौरा के छात्र योगेंद्र पटेल ने विकासखंड, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी स्थानों पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के आधार पर अब उनका चयन राष्ट्रीय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए किया गया है, जो विद्यालय एवं जिले दोनों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। योगेंद्र का मॉडल अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और व्यवहारिक उपयोगिता के कारण विशेषज्ञों द्वारा विशेष रूप से सराहा गया। उन्होंने पानी की प्रत्येक बूंद की निगरानी, उपयोग एवं पुनः उपयोग के लिए प्रभावी तकनीक प्रस्तुत की, जिसे जजों ने अत्यंत नवाचारी और भविष्य-उन्मुख बताया। विद्यार्थी की इस अद्भुत सफलता पर विद्यालय परिवार ने अत्यधिक हर्ष व्यक्त किया है। मार्गदर्शक शिक्षक ललित कुमार जंघेल ने बताया कि यह उपलब्धि योगेंद्र की मेहनत, जिज्ञासा और निरंतर सुधार की भावना का परिणाम है।

विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रीय मंच पर चयन होना न केवल विद्यालय के लिए सम्मान है, बल्कि यह साबित करता है कि ग्रामीण क्षेत्र का एक छात्र भी पूरे देश में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर सकता है। योगेंद्र की यह सफलता निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार व अनुसंधान की दिशा में उन्हें प्रोत्साहित करेगी। यह उपलब्धि विद्यालय, धनौरा -ग्राम एवं पूरे कवर्धा जिले के लिए गर्व का क्षण है।



# योग यज्ञ व गौ संवर्धन के लिए श्री सुरभि रुद्र महायज्ञ में शामिल हुए हरिद्वार के स्वामी परमार्थ देव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पतंजलि योगपीठ के केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव का तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर हुआ। श्री सुरभि रुद्र महायज्ञ ग्राम घुघरी खुर्द के विशाल भव्य पंडाल में परमार्थ देव का तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर प्रातः काल के सत्र में हुआ। दोपहर सत्र में परमार्थ देव का योग, यज्ञ, आयुर्वेद एवं सनातन संस्कृति व राष्ट्र के नाम उद्बोधन का कार्यक्रम हुआ। इसी दौरान शाम को जिला मुंगेली में संगठनात्मक विस्तार के लिए बड़ी बैठक को परमार्थ देव ने संबोधन कर पूरे मुंगेली जिले को योगमय करने की बात कही। गौरक्षणार्थ श्री सुरभि रूद्र महायुद्ध के आयोजक पतंजलि किसान सेवा समिति के प्रांत प्रभारी गणेश प्रसाद तिवारी द्वारा जिला मुंगेली एवं गांव-गांव में श्री सुरभि रूद्र महायज्ञ आयोजित कर गौमाता की घटती महिमा को बचाने इसी तरह का कार्यक्रम आयोजन करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### देवरी स्कूल में एफएलएन कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक शाला के सभी बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत निपुण अभियान के तहत किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों में पढ़ने-लिखने और गणना करने की बुनियादी क्षमताओं का विकास है इस योजना के तहत 2026-27 तक हर बच्चे को कक्षा तीन तक बुनियादी कौशल हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मेले का विषय करके देखबो सीख के रहीबो था, जिसके माध्यम से बच्चों ने भाषा शिक्षण में वर्णज्ञान शब्द ज्ञान और वाक्य पहचान के साथ-साथ संख्यात्मक ज्ञान को भी समझा। मेले का संचालन बच्चो द्वारा किया गया प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा की भूमिका व्यवस्थापक के रूप थी, जबकि वर्तमान में देश में 5 करोड़ से अधिक बच्चे बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान से वंचित है, मजबूत बुनियादी कौशल सभी प्रकार के सीखने और बेहतर जीवन की नींव रखते हैं। बच्चों के मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास 6 वर्ष की आयु तक हो जाता है, इसलिए समय पर बुनियादी कौशल का विकास आवश्यक है। एफएलएन मेले के साथ-साथ आनंद मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चे कई प्रकार के स्टॉल लगाए हुए थे, जिसका लोगों द्वारा भरपुर आनंद लिया। उक्त अवसर पर संकुल के प्रभारी संजय केवर्त, शैक्षिक समन्वयक सनत तिवारी, प्रधान पाठक नंदकुमार शर्मा, प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा, शिक्षक राजेंद्र दिवाकर, मनोज, सुरेश, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मानिकपुरी, उषा, पारस कुंभकार, धर्मराज, कोटवारीन गीता, मालती नीमा, राजकुमारी, गणेशी, भवानी, मुकेश एवं बड़ी संख्या में ग्राम के नागरिक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थें।

### श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया विद्यालय का नाम रौशन

**हरिभूमि कवर्धा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में नारी सुरक्षा विषय पर प्रतिभागिता की गई, जिसमें श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीनियर वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा तुष्मिता कोश्यारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 1500 नगद राशि, मॉमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय स्थान पर रही अलीशा सोलंकी जिन्हें 1000 नगद राशि, मॉमेंटो एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक डॉ आदित्य चंद्रवंशी एवं प्राचार्या एम शारदा ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है तथा इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### आरपीएस में विभिन्न आयोजनों के साथ संपन्न हुई बाल दिवस

**कवर्धा।** बाल दिवस अर्थात बच्चों का दिन ये खास दिन हमें पं. जवाहरलाल नेहरू जिन्हें प्यार से चाचा नेहरू भी कहते हैं की याद दिलाता है। इनके जन्मदिवस एवं शकुन्तला देवी महान गणितज्ञ के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में स्पेशल असेम्बली एवं विभिन्न आयोजन संपन्न हुई। जिनमें प्रातः प्रार्थना सभा में कवर्धा क्षेत्र को हरियाली से सराबोर कर देने वाली हरीतिमा टीम के सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया गया, जो पूरी टीम भावना के साथ मई 2018 से निरंतर कार्य करते हुए वर्तमान में लगभग 12 हजार पौधे लगा चुकी है। कार्यक्रम को टीम के सदस्य महेश ठाकुर ने संबोधित करते हुए अपने समूह के कार्य, कोरोना काल में जिस ऑक्सीजन की कमी से लोग जूझ रहे थे, उसका महत्व बताते हुए पौधरोपण व उनका निरंतर निगरानी को सृजित किया गया। पूरा कार्यक्रम उस समय बेहद खास हो गया जब विद्यालय प्रांगण में बच्चों के अंदर छिपी हुई पाककला उभरकर सामने आई, जिसमें छात्र छात्राओं ने बड़ा, मंगोड़ी, समोसा, भजिया, भेल, दाबेली, गुपचुप, चाय, चीला, बरा-फरा, अड़िया, दोसा, बड़ापाव, चना-चाट जैसे विभिन्न पकवानों को बनाकर बेचना प्रारंभ किया।

वनांचल व दुर्गम क्षेत्रों तक सभी शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: उप मुख्यमंत्री

# विजय शर्मा ने बालक छात्रावास निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुंदूर वनांचल क्षेत्र के शैक्षणिक भविष्य को नई दिशा देने की ऐतिहासिक पहल करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को रेंगाखार कला में 2 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 100 सीटर बालक छात्रावास निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। दूरस्थ और जनजातीय अंचलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुदृढ़ करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वनांचल व दुर्गम क्षेत्रों के बच्चों तक सभी शैक्षणिक सुविधाएं बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। उन्होंने कहा कि 100 सीटर यह आधुनिक छात्रावास विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ तथा अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराएगा, जिससे उनकी शिक्षा में निरंतरता और गुणवत्तापूर्ण सुधार सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कहा कि यह छात्रावास क्षेत्र के बच्चों के लिए लंबे समय से अत्यंत आवश्यक था। इसके निर्माण से न केवल शैक्षणिक सुविधा बढ़ेगी, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में भी एक महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह पहल वनांचल क्षेत्र के समग्र विकास व शिक्षा सुदृढ़ीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्रामीण व अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थें।



### समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि रेंगाखार जैसे वनांचल क्षेत्रों के बच्चे अक्सर लंबी दूरी तय कर विद्यालय पहुंचते हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित होती है। छात्रावास का निर्माण उनके लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इस भवन में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, स्टडी रूम, सुरक्षा प्रबंधन, स्वच्छ शौचालय, आवासीय सुविधा जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। श्री शर्मा ने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। छात्रावास में 20 रूम, 3 हॉल, डाइनिंग, किचन, स्टोर रूम व मेडिकल रूम तथा वार्डन रूम सहित अन्य सुविधा उपलब्ध रहेगी।



# जोन स्तरीय तीन दिवसीय कौशल खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पथरी में तीन दिवसीय जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र के नौ संकुल केंद्रों जिसमें कुंडा, पेंड्री कला, सेमरकोना, कोलेगांव, दामापुर, सैहामालगी, सुकलीगोविंद, रूसे, भगतपुर के प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस तीन दिवसीय जोन स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा रहे, वहीं ग्राम पंचायत भटरूसे के सरपंच संतोष कुमार नेताम, उपसरपंच व पंच एवं ग्रामीणों द्वारा भव्य फूल-माला से स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी, श्रीमती नंदनी साहू, ओम प्रकाश यदु, सुरेश दुबे, श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र, मनहरण साहू, दिनेश चंद्रवंशी, मोहन चंद्रवंशी, श्रीमती भानु साहू, सरपंच संतोष कुमार नेताम, लीलाराम साहू, विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा कबड्डी, खो-खो, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, सहित अनेक प्रकार विधायों में छात्र-छात्राओं ने शानदार खेल प्रदर्शन किया। वहीं छात्र-छात्राओं के द्वारा तीन दिवसीय खेलकूद के समापन समारोह पर शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिस पर विधायक द्वारा 5 लाख रूपए की लागत राशि से सीसी रोड एवं मुक्तिधाम निर्माण कार्य की घोषणा किया गया।

विधायक भावना बोहरा द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस समापन समारोह कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भटरूसे के समस्त ग्रामवासी, शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# सड़क जर्जर व बदहाल आवाजाही बाधित, ग्रामीण किसानों के लिए चुनौतियां, बढ़ी परेशानियां

- ग्रामीण किसानों ने सुधार व मुरूमीकरण कि मांग की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी, कोलेगांव से रूसे, दामापुर से कुंडा, कुंडा से महका, कुंडा से महली सड़क अत्यंत जर्जर व बदहाल होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना पड़ रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र के सड़के की स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि, सड़क पर पैदल चलना भी दुभर हो रहे है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सड़क में जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढे होने के कारण राहगीरों का आवाजाही बाधित तथा ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार व गिर कर चोंटिल हो रहे है। यहां बताना लाजिमी होगा की ग्रामीण किसान इन्हीं जर्जर व बदहाल सड़कों से गुजर कर शक्कर कारखाना व धान खरीदी केंद्र तक ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से अपनी उपज फसल को ले जाने मजबूर होगें। ग्रामीणो ने बताया कि कोलेगांव से हथमुंड़ी रुसे से निगापुर सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की घोषणा किया गया लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारियो व जनप्रतिनिधियो की भारी लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीण किसानो व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।



जिस पर क्षेत्र के ग्रामीण किसानो व राहगीरों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा जर्जर सड़क की सुधार तथा मरम्मत कार्य की मांग की गई। वहीं जर्जर सड़क व छोटे बड़े गड्ढों को भरने के लिए मुरूमीकरण, बजरी-गिट्टी डलवाने की अपील की गई ताकि क्षेत्र के ग्रामीण किसानों का ट्रैक्टर-ट्राली में अपनी उपज फसल गन्ना व धान फसल को आसानी से शक्कर कारखाना एवं सेवा सहकारी धान खरीदी केन्द्रों तक पहुंच सके।

# कवर्धा प्राइवेट स्कूल टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर में प्रथम वर्ष कवर्धा प्राइवेट स्कूल टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा द्वारा कराया जा रहा है, जिससे प्रत्येक रविवार को सुबह 9 से 12 बजे तक छीरपानी कॉलोनी मैदान में खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में नगर के अशोका पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल कुल चार टीमों के बीच मैच खेला जाएगा, जिसमें सभी टीम पहले लीग मैच खेलेंगे।



पश्चात टॉप दो टीम क्वालीफायर प्रथम में प्रवेश करेंगे एवं दो लुजर टीम एलिमिनेटर राउंड खेलेंगे यह मैच 8-8 ओवर का खेला जा रहा है। वही एकेडमी सचिव राजा जोशी ने बताया कि 16 नवंबर को पहला मैच अभ्युदय स्कूल विरुद्ध अशोका पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे अभ्युदय स्कूल में टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया, जिसमें अशोका पब्लिक स्कूल ने 8 ओवर के मैच में मात्र 43 रन बना पाए, जिसके जवाब में अभ्युदय स्कूल के टीम ने 3 ओवर में ही इतने रन को चेस करके मैच जीत लिया। अभ्युदय स्कूल के शिक्षक विपिन में शानदार बैटिंग करते हुए 8 छक्के के मदद से टीम को मैच जितने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वही दूसरा मैच श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल विरुद्ध अशोका पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर बैटिंग ली और टीम के उमाशंकर एवं युगल किशोर ने शानदार छक्कों और चौकों के मदद से 8 ओवर के मैच में 124 रन का लक्ष्य दिया।

जिसका सामना करते हुए अशोका पब्लिक स्कूल ने 8 ओवर में मात्र 99 रन ही बना पाए वहीं हार का सामना करना पड़ा। वहीं अगले रविवार को अभ्युदय स्कूल और गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बीच तीसरा मैच खेला जाएगा। इस टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में अकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी ने इस पहल की सराहना किया, जिससे प्राईवेट स्कूल के शिक्षकों को अपनी टैलेंट को शो करने का एक अच्छा प्लेटफार्म मिला है, जिससे सभी शिक्षक बहुत उत्साहित है।

# आरपीएस में विभिन्न आयोजनों के साथ जनजातीय गौरव पखवाड़ा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जनजातीय गौरव, सम्मान और ब्रिटिश राज के कारनामों के प्रति अपनी आवाज बुलंद करने वाले महापुरूष बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का आयोजन सीबीएसई के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आधार पर श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में जनजातीय गौरव पखवाड़ा का आयोजन विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के साथ हर्षपूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें सभी पंद्रह दिवस के लिए विभिन्न प्रतियोगिता सीबीएसई के द्वारा निर्धारित की गई थी, जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा बिखेरी। इस परिप्रेक्ष्य में जनजातीय भित्ति चित्र, जिसमें बच्चों ने वर्ली आर्ट का बखूबी चित्रण किया, जनजातीय लघुकथा, जनजातीय गौरव पर आधारित प्रश्नमाला, निबंध प्रतियोगिता, वर्चुअल टूर का आयोजन जिसमें भोपाल एवं रांची के जनजातीय संग्रहालय का अवलोकन कराया गया। इसी प्रकार जनजातीय अस्मिता आधारित शानदार बस्तर नृत्य का भी भावपूर्ण आयोजन किया गया। पखवाड़ा के अंतिम दिवस अर्थात 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें बिरसा मुंडा के तैलचित्र का पूजन अर्चन किया गया व पूरे मंच को उनके जीवन वृत्त के छविचित्रों में सजाया गया। सभी बच्चों ने अपने पखवाड़ा का विभिन्न अनुभव, मुंडा जी का जनजातीय अधिकारों के लिए संघर्ष का प्रस्तुतीकरण अपने विचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

### नामदेव जयंती में 17 को शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के समस्त जिला नामदेव समाज द्वारा भव्य रूप से संत श्री नामदेव की 755 वी जयंती मनाई जा रही, जिसमें उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की उपस्थिति समाज के साथ रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए समाज के सचिव कैलाश नामदेव ने कहा कि 17 नवंबर दोपहर 12 बजे नामदेव सामाजिक भवन में इस वर्ष की जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय युवा टीम ने बीड़ा उठाया है ताकि संत श्री की जयंती में शहर में भव्य रैली के साथ श्री राधाकृष्ण मंदिर में भोग चढ़ावा के साथ पूरे समाज के मिलकर निकलने का निर्णय लिया है। उपाध्यक्ष चंद्र कुमार ने बताया कि जिले महिला संगठन ने इस कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाए जाने और मंत्री का स्वागत हेतु तत्परता से जुड़कर आज नामदेव सामाजिक में मीटिंग आयोजित की गई है। कोषाध्यक्ष विजय नामदेव ने बताया कि पूरा समाज के लोगों में मंत्री और अपने विधायक की उपस्थिति को लेकर भव्य व्यापक तैयारी और कम समय ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को एकत्रिक करने की तैयारी में जुट गए है, यह कार्यक्रम एक यादगार होगा। युवा टीम के सदस्यों ने कहा कि सभी युवा के प्रेरणाश्रोत विजय शर्मा के आने से सभी युवाओं में भारी उत्साह का माहौल बन गया है। उनके आने से समाज के युवाओं ने तैयारी और भी जोर-शोर से शुरू कर दी है। जिलाध्यक्ष अभिताब नामदेव ने बताया कि पूरे जिले के युवा टीम महिला टीम के उत्साह के साथ जो कार्य कर रही है। कार्यक्रम की तैयारी आज पूरी कर ली जाएगी ताकि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं हो, आए हुए मेहमानों के स्वागत में कोई कमी न हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, सभी वर्ग के सामाजिक बंधु इसके लिए कमर कस चुके है। कार्यक्रम की सफलता में किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी। जिसके लिए जिले भर से लोग एकत्रित होकर अपनी सेवाएं दे रहे है। उक्त कार्यक्रम में सामाजिक बंधुओं को आमंत्रित कर शामिल हो की अपील की गई।

### दामापुर सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ



**हरिभूमि कुण्डा।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित दामापुर पंजीयन क्रमांक 215 द्वारा धान खरीदी केन्द्र का शुभारंभ गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ तथा ग्राम पंचायत अतरिया के सरपंच नरेश साहू उपस्थित थें। उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार नारियल व पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा विधिवत धान खरीदी सीजन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत अतरिया सरपंच नरेश साहू ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाना ही समिति का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एवं जिला विकास समन्वय एवं निगरानी दिशा समिति सदस्य महेंद्र धृतलहरे, सेवा सहकारी समिति दामापुर के अध्यक्ष परस सिंगरौल, पूर्व सरपंच दिनेश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता सुमन ढीमर, रवि साहू, डॉ सुरेश चंद्रवंशी सहित ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कार्यक्रम में शामिल किसानों ने नए खरीदी सीजन की शुरुआत पर खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि इस वर्ष उन्हें समय पर तौल और भुगतान की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने धान खरीदी केन्द्र का अवलोकन भी किया और व्यवस्था की सराहना की। समिति सदस्यों ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम का संचालन समिति के कर्मचारियों द्वारा किया गया जबकि अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त कर समारोह का समापन किया गया।

# क्षेत्र के सेवा सहकारी केन्द्र में धान खरीदी की बोहनी नही, लटके रहे ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत सेवा सहकारी समिति ग्राम कोलेगांव, कुआंमालगी व रूसे धान खरीदी केंद्र में तराजू एवं छत्तीसगढ़ महतारी की तौलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना किया सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा, मोहन चंद्रवंशी, सुधा साहू द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने बताया की सेवा सहकारी समिति ग्राम कोलेगावं, रुसे कुआंमालगी सहित ऐसे कई धान खरीदी केंद्र जहां पर शासन प्रशासन की योजनाओं के अनुसार से 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होना था। लेकिन सेवा सहकारी सेवा समिति के कर्मचारियों के हड़ताल में जाने के बाद धान खरीदी केंद्र में ताला लटका हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास क्षेत्र के ऐसे कई धान खरीदी केन्द्र जहां धान खरीदी की बोहनी तक नही हुई है। बताया जाता है कि सेवा सहकारी समिति द्वारा सिर्फ और सिर्फ धान खरीदी केन्द्रों में अध्यक्षों व पदाधिकारियों द्वारा तराजू व छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में पूजा अर्चना किया गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि पूरे क्षेत्र के सेवा सहकारी सेवा समिति धान खरीदी केन्द्र में सन्नाटा पसरा हुआ है, जबकि प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ किया गया, लेकिन धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी प्रारंभ तो दूर की बात है धान खरीदी की बोहनी भी नहीं हो पाई है।



शिविर में आसपास क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया

# रजत जयंती पर आरोग्य मेला स्वास्थ्य शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

छत्तीसगढ़ की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा के विशेष अनुशंसा पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया एवं कुकदूर के कर्मचारियों द्वारा विशेष पिछड़ी जन जातियों के समग्र स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष-2025 के अवसर पर आरोग्य मेला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक श्रीमती बोहरा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि विशेष शिविर लगाकर लोगों तक पहुंचते हुए उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएं एवं समग्र स्वास्थ्य पर कार्य किया जाएं ताकि दूरस्थ वनांचल के लोगों को उसका लाभ मिल सके। जिस पर खंड चिकित्सा अधिकारी पंडरिया डॉ राकेश कुमार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कुकदूर सेक्टर के नेउर में सेक्टर कुकदूर के कर्मचारियों को आदेशित किया कि कार्ययोजना बनाकर शिविर लगाया जाएं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार जो कि मनोरोग चिकित्सक एवं फैमिली फिजिशियन है स्वयं उपस्थित होकर अपने कर्मचारियों के साथ शिविर का आयोजन किए जिसमें सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमें आए हुए हितग्राहियों का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन और मानसिक स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमे ब्लड प्रेशर 12, मधुमेह के 5, एक लड़की जन्मजात मोतियाबिंद, एक बच्ची जन्मजात विकृति से ग्रस्त मिली, दो व्यक्ति टीबी के संदेहास्पद लक्षणों वाले थे जिनको पुष्टि हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदूर जाने की सलाह दी गई। सामान्य मानसिक समस्या जैसे सोमैटाइजेशन के 18 मरीज मिले जिनको उचित उपचार दिया गया। एक बच्चा जो नियमित टीकाकरण से छूट गया था, उसको टीका लगाया गया। उक्त शिविर में अशोक वैष्णव, सरपंच श्रीमती पार्वती सुनहले, डॉ विनोद, डॉ मनीष, छत्रपाल लहरे एवं समस्त कर्मचारी गण कुकदूर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अवैध धान परिवहन 499 बोरी जब्त

**मोहला।** अवैध रूप से धान परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ा। जिससे 499 बोरी धान जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स देवचरण पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी नोहर सिंह मंडावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चिल्हाटी उप निरीक्षक संजय मेरावी के नेतृत्व में अवैध धान परिवहन करते ट्रक से 309.80 क्विंटल 499 बोरी धान को महाराष्ट्र के कुरखेड़ा से रायपुर ले जाते चिल्हाटी पुलिस एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पकड़कर वैधानिक कार्रवाई कर जब्त किया गया है।

### एलईडी टीवी चोरी के आरोपी पकड़ाए

**राजनांदगांव।** घर से एलईडी टीवी चोरी के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 नवंबर को प्रार्थी राकेश कुमार यादव 48 वर्ष दीनदयाल नगर चिखली ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका बल्देवबाग स्थित इलेक्ट्रॉनिक सर्विस सेंटर से घटना 11-12 नवंबर के दरम्यान एक हुंडई कंपनी का 43 इंच एलईडी टीवी चालू हालत में कीमती 25,000 रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस टीम घटनास्थल रवाना कर घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर की सूचना पर संदेही रत्नेश सिंह ठाकुर 25 वर्ष साकिन ब्राम्हणपारा व सागर यादव 28 वर्ष ठेठवारपारा सोनी भवन के पास को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया।

### अवैध रूप से शराब बिक्री, पकड़ाया

**राजनांदगांव।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बिक्री करने एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। वहीं वाद-विवाद कर शांतिभंग करने के मामले में तीन लोगों पर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 16 नवंबर को गठुला नाला शमशान घाट के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना पर रेड कार्रवाई कर आरोपी नूतन निर्मलकर 24 साल साकिन गौरीनगर के कब्जे से 17 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 2040 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया गया।

---

### सेवा सहकारी समिति सुरहोली केंद्र में पारदर्शी व्यवस्था के साथ शुरू हुई खरीदी

# जनप्रतिनिधियों और किसान की मौजूदगी में सुरहोली में किया गया धान खरीदी का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला**

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का सीजन 15 नवंबर 2025 से पूरे प्रदेश में विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया है। जिला बेमेतरा में भी सभी धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी कार्य सुचारु और पारदर्शी व्यवस्था के साथ शुरू हो गया है। लिहाजा बेरला ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सेवा सहकारी समिति मर्यादित सुरहोली धान खरीदी केंद्र में खरीदी कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी व तुलाई मशीन की पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद कृषक द्वारा धान बेचा गया। जिससे केंद्र में खरीदी का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा।

इसी के साथ धान खरीदी केंद्र सुरहोली में भी जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में खरीदी कार्य की शुरुआत हुई। जनप्रतिनिधियों ने किसानों से संवाद करते हुए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और सुव्यवस्थित खरीदी व्यवस्था की जानकारी साझा की। किसानों की सुविधा, तुलाई की पारदर्शिता, सुरक्षित भंडारण व सुचारु प्रक्रिया हेतु केंद्र में व्यवस्थाएं पूर्ण की गई है। जिला प्रशासन एवं समिति के कर्मचारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक किसान को समयबद्ध व निर्बाध रूप से धान बेचने की सुविधा प्राप्त हो।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष पप्पू प्रहलाद वर्मा, राजस्व विभाग के पटवारी इन्द्रप्रसाद बंजारे, जनसेवक प्रहलाद वर्मा, गौकरण निर्मलकर, तारण यादव, घनश्याम वर्मा, गोवर्धन रावत, शिव साहू, मुन्ना सिवारे, महेश साहू, धनीराम साहू, भरत साहू, ओमप्रकाश गायकवाड एवं अन्य किसान उपस्थित रहे।

#### नवीन समिति नवागांव कला में धान खरीदी का शुभारंभ

**थान खम्हरिया।** समीप ग्राम नवागांव कला नवीन सोसाइटी में धान खरीदी उपार्जन केंद्र में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कांटा तराजू की पूजा अर्चना कर, उपार्जन केंद्र में धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। वही कर्मचारी हड़ताल में होने के कारण ग्राम हाटराका, दर्री, ख़ैरझिटी, खाती, बनराका, थान खम्हरिया धान खरीदी केंद्र में मायूसी का माहौल देखने को मिला। किसान इधर-उधर भटकते नजर आए, टोकन के लिए। नवीन सोसाइटी नवागांव कला में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ने शुभारंभ के अवसर पर कहा, राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की तैयारी



पूरी गति से की जा रही है। छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है, और देश की रीढ़ की हड्डी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आगे बढ़ाने के लिए जो विजन तय किया है। उसे राज्य सरकार जमीन पर उतार रही है, उन्होंने आगे कहा कि शासन ने गरीब किसान, युवा और महिलाओं सहित सभी वर्गों की चिंता कर रही है। किसानों के धान की खरीदी समय सीमा के भीतर की जाएगी। साथ ही धान का उठाव और किसानों को उनका भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। यदि कहीं पर नाप, तौल या व्यवस्था में कमी पाई जाती है, तो प्रशासन और जनप्रतिनिधि तुरंत हस्तक्षेप कर उसे दूर करेंगे, ताकि किसान को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। इस अवसर पर समित प्रबंधक आशीष राजपूत, जगदीश वैष्णव, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, डोमन लाल साहू, मालिक राम पटेल, शत्रुहन साहू, जगन्नाथ विष्णु यादव उपस्थित थे।

---

# कम्बल का वितरण, पौधरोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला**

- अजूबा एकता जन कल्याण समिति भिंभौरी का आयोजन

अजूबा एकता जन कल्याण समिति भिंभौरी प्रतिवर्ष 20 कंबल गांव के बुजुर्गों को वितरित कर आशीर्वाद लेती है। कम्बल वितरण लगभग 15 वर्षों से किया जा रहा है। इसके साथ ही पौधरोपण कार्य कर उन पेड़ों की सुरक्षा का संकल्प लेती है।

पांचवी से लेकर 12वीं तक के प्रतिभावान छात्र- छात्राओं का प्रतिवर्ष सम्मान के साथ-साथ धनतेरस दीपावली महोत्सव का आयोजन विगत 21 वर्षों से किया जा रहा है। इसके अलावा कई अन्य कार्य समिति करती है। इस वर्ष नरक चतुर्दशी को कामता प्रसाद शरण का भजन कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में अपार भीड़ थी। कार्यक्रम के अतिथि योगेश तिवारी एवं अवधेश चंदेल उपस्थित रहे। संरक्षक एम डी धीवर प्राचार्य संस्थापक जयराम साहू ध्यानेंद्र पाटिल एवं सदस्य गण जनक यादव रोहित चंद्रवंशी पीयूष वर्मा रामविलास राकेश षडानंद यदु ओम प्रकाश यदु रेवेंद साहू सोमेश पाटिल बृजबिलास साहू यशवंत परगनिहा संदीप वर्मा अरुण वर्मा गोपाल यदु मनोज वर्मा गुनेंद्र साहू अश्वनी परगनिहा चमन वर्मा अंशु पाटिल प्रवीण पाटिल प्रवीण साहू घनेंद्र साहू शैलेंद्र सोनी सुनील वर्मा ललित सिंह जगेंद्र साहू सुनील साहू विनय साहू चंदन संदीप परगनिहा आदि उपस्थित रहे।

### जगराता आज

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक दुर्गा मंदिर अम्बे धाम चौक चौखड़ियापारा 15 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रतिवर्ष के अनुसार सार्वजनिक दुर्गा मंदिर अम्बेधाम चौक चौखड़ियापारा में कल 17 नवंबर को रात 8 बजे से जगराता कार्यक्रम रखा गया है। 18 नवंबर को रात 7 बजे से विशाल भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

---

### प्रशासन की कार्रवाई से खलबली, कोचियों में खौफ

# गुरूकृपा अपार्टमेंट के फ्लैट में मिली लाखों रुपए की अवैध शराब



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव**

शहर के जीई रोड नीलगिरी पार्क के पास स्थित एक अपार्टमेंट के घर से बड़ी मात्रा में अवैध रूप से रखे अंग्रेजी शराब को बरामद करने में आबकारी विभाग को सफलता मिली है। देर शाम तक शराब की बोतलों की गिनती जारी रही।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर के जीई रोड सर्विस लेन के समीप नीलगिरी पार्क के पास गुरूकृपा अपार्टमेंट के एक घर में बड़ी मात्रा में प्रदेश के बाहर की शराब एकत्र कर रखी गई थी, जिसे आबकारी विभाग की टीम ने बरामद किया है। मिली जानकारी अनुसार अपार्टमेंट स्थित एक घर में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखने की सूचना आबकारी विभाग को मिलने पर स्टाफ ने मौके पर दबिश दी। बताया जा रहा है कि यहां बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की मंहगी बोतलों का जखीरा बरामद किया है। इस मामले में आरोपी जितेन्द्र साहू से पूछताछ भी की जा रही है। बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। फिलहाल आबकारी विभाग के स्टाफ मामले की जांच पड़ताल में भी जुटे हुए हैं।

बताया गया कि अधिकांश शराब महाराष्ट्र निर्मित है। पकड़ी गई शराब हाई रेंज की बताई जा रही है।

### हाफ मैराथन में दिखा जोश, बच्चे-बुजुर्ग सहित महिलाओं ने लगाई दौड़

**राजनांदगांव।** लोगों में स्वस्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राजनांदगांव रनर्स ग्रुप द्वारा हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ में ढाई हजार से अधिक धावक शामिल हुए। इस हॉफ मैराथन के आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, एसपी अंकिता शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा भी शामिल हुईं।

---

# दो दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिता में बच्चों और युवाओं ने दिखाया दमखम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नारायणपुर**

- विद्यालय प्रांगण में उत्साहपूर्ण आयोजन, विभिन्न खेलों में विजेताओं की हुई घोषणा

ग्राम पंचायत के पूर्व माध्यमिक शाला में दो दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस शुभ अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारी व निदेशकगण शाला के प्राचार्य समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में भूमिका निभाई, जहां अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ विघा की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर पुजन वंदन के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जहां कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नारायणपुर, झुलना भिलौनी चक्रवाय गुंजेरा नवागांव लोहडगिया अमलडीहा सहित के 9से 15 वर्ष तथा 15से 30 के आयु के प्रतिभागियों ने हिस्सा में भाग लिया, इस महोत्सव में 100मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ के अलावा फुगड़ी सुरीली कुर्सी कबड्डी खो-खो सहित अन्य खेल कराए गए, जहां खेल में छात्र-छात्राओं के अलावा 15 से 30 वर्ष आयु के व्यक्तियों ने हिस्सा में भाग लिया। जिसमें 9से 15 वर्ष आयु के विजेता प्रतिभागियों में 100मीटर दौड़ बालक वर्ग में ओमप्रकाश नवागांव विजेता हूए, वही बालिका वर्ग में रानी साहू नारायणपुर विजेता रही,इसी प्रकार 9से 15 वर्ष आयु में फुगड़ी में रुक्मणी साहू नवागांव, सुरिली कुर्सी दौड़ में गायत्री साहू झूलना प्रथम रहीं। कबड्डी बालिका वर्ग में नारायणपुर की टीम और खो-खो में भी नारायणपुर की बालिका टीम प्रथम स्थान प्राप्त किए। 9से 15 वर्ष आयु के बालक वर्ग में कबड्डी में भी नारायणपुर की टीम प्रथम स्थान प्राप्त किए। 15से 30 वर्ष आयु में 100मीटर दौड़ में निखिल गेंदले नारायणपुर विजेता रहा।इसी प्रकार 400मीटर दौड़ में आशा निषाद अमलडीहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किए।बालक वर्ग में 400मीटर दौड़ में सागर यादव तो 15से 30 वर्ष आयु वर्ग के 400मीटर दौड़ में राजकमल महिलागे विजेता रही।जोन स्तरीय महोत्सव में विजेता खिलाड़ी अब ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

#### लालन यादव ने विद्यालय प्रबंधन को दी बधाई

इस दौरान कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि लालन यादव ने सभी शिक्षक शिक्षकों तथा विद्यालय प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के लिए खेल बहुत जरूरी है, जिससे बच्चों को मजेदार अनुभव के साथ जोड़ती है,जो कि आत्म विश्वासी बनने का पहला कदम है, जहां छात्र-छात्राओं को खेल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए जिससे उनका विद्यालय व उनके माता पिता का नाम रोशन हो सकें।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर प्राचार्य छबिलाल साहू, संकुल समन्वयक सुंदरकांत वर्मा, नेतराम साहू, कृष्ण कुमार रायकर, लिखेद्र साहू, प्रधान पाठक शिवकुमारी डोडे, कल्याणी साहू, अनीतासाहू, कुंज लाल जायसवाल, नीरज कोसले माहेश्वरी राजपूत,गुरुवचन साहू,मलेशवर पटेल, दुर्गश साहू , सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

---

# मास्टर प्लान की सड़क पर बगैर अनुमति अवैध प्लाटिंग, कॉलोनाईजर के खिलाफ कार्रवाई नहीं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव**

शहर के व्हीआईपी वार्ड 45 कलेक्टोरेट बंगले के पीछे मास्टर प्लान की सड़क पर अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है। नगर निगम की मौन स्वीकृति के चलते यहां सीसी रोड़ भी बन गए हैं लेकिन अब तक निगम द्वारा जांच नही की गई है।

जानकारी अनुसार कौरिनभांठा हल्का में खसरा नंबर 241 में मास्टर प्लान में इस रोड़ को शामिल किया गया है। आगामी दिनों पाताल भैरवी मंदिर के पीछे से सौ फीट की सड़क आशा नगर तक बनाए जाने का प्लान है, लेकिन हैरानी इस बात की है कि नगर निगम की उदासीनता के कारण मास्टर प्लान धरा रह गया है और भू माफियाओं द्वारा मास्टर प्लान की सड़क के जद में आवासीय प्लाट काटी जा रही है,जिसे लेकर शिकायत भी हो गई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अपने जिम्मेदारी से टस के मस नहीं हो रहे हैं। कलेक्टोरेट बंगला के पीछे जीवन कालोनी जाने वाले पक्की सड़क से ही सौ फीट की सडक आगे भी बननी है। कलेक्टोरेट बंगले से लेकर यह रोड़ सीधे आशा नगर तक बननी है, लेकिन इस सड़क की जद में कब्जा किया जा रहा है। कुछ लोगों ने यहां खरीदी बिक्री भी शुरू कर दी है। आगामी दिनों सड़क बनने के दौरान किए जाने वाले भू अधिग्रहण में राज्य शासन को मोटी रकम खर्च करनी पड़ सकती है। यही कारण है कि, मास्टर प्लान की जगह पर भू माफिया सक्रिय हो गए हैं।



#### निगम की जिम्मेदारी राजस्व अनजान

इस मामले में एसडीएम खेमलाल वर्मा ने बताया कि राजस्व रिकार्ड में उक्त प्रस्तावित सड़क में जमीन मालिक का रिकार्ड दुरूस्त हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि मास्टर प्लान में प्रस्तावित जगह पर नगर निगम द्वारा अवैध प्लाटिंग करने मौन स्वीकृति दी जा रही है। बहरहाल नगर निगम से शिकायत के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं की गई हैं। कार्रवाई नहीं होने से प्रस्तावित सड़क पर आवासीय मकान बनने से आगामी दिनों शासन को भू अर्जन में मोटी रकम खर्च करनी पड़ सकती है।

---

## पेज 9 के शेष

### बूथ लेवल कार्यकर्ताओं की ...

प्रभारी विनोद वर्मा सहित नवागढ़ के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव गुरदयाल सिंह बंजारे, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा, तथा बेमेतरा विशेष ग्रहण पुनरीक्षण के लिए प्रभारी बनाए गए। ये रहे उपस्थितः दिनेश पटेल एवं मिथिलेश वर्मा सहित जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू एवं शशि प्रभा गायकवाड विशेष रूप से रवि परगनिहा, राजेश दुबे, सूर्य प्रकाश शर्मा, रास बिहारी कुर्रे, अनिल वर्मा, नेहा सुराणा, विनोद परगनिहा, मोनल सिन्हा, सुमित राजपूत, मंडल अध्यक्ष एवं बी एल ए भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम में ...

एवं बड़ी संख्या में विद्यालयीन बच्चे उपस्थित रहे। आदिवासी वेशभूषा में नृत्य कर मोहा मन इसी उद्देश्य से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयन्ती को जन जातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने के लिए संस्थान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने आदिवासियों के रूप में सुसज्जित होकर नृत्यकला से मन मोह लिया।

---

### कुशल शिक्षकों के द्वारा स्वयं सेवी शिक्षकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा**

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत कुशल प्रशिक्षकों का जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कन्या बेमेतरा में संपन्न हुआ।

जिसमें आगामी 7 दिसंबर से होने वाले उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता आकलन परीक्षा का आयोजन होगा। जिसमें असाक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित करने हेतु और साथ ही साथ उन्हें नियमित कक्षाएं लेकर प्रारंभिक भाषा और संख्यात्मक ज्ञान कराने हेतु प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से संकुल स्तर पर स्वयं सेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य इन कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा स्वयं सेवी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमें प्रशिक्षित होकर वे असाक्षरों को बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान कराके आगामी परीक्षाओं के लिए पारंगत बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश एवं गतिविधियां संपादित करेंगे।




प्रशिक्षण के प्रथम दिवस की शुरुआत जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा जी आर चतुर्वेदी द्वारा सरस्वती पूजन से हुआ। उनके द्वारा समस्त कुशल प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण की विभिन्न बारीकियां, किस प्रकार से हमें जमीनी स्तर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को सम्पादित करना है, इसके बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। उनके द्वारा सभी कुशल प्रशिक्षकों को उल्लास शपथ कराया गया। इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी सुनील झा के द्वारा समस्त प्रशिक्षकों उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इस कार्यक्रम के लक्ष्य, उद्देश्य एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिला साक्षरता प्रभारी उषा किरण पांडेय डाइट व्याख्याता बेमेतरा द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम का प्रचार प्रसार एवं नियमित मॉनिटरिंग के संबंध में चर्चा किया गया तथा उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी खोमलाल साहू द्वारा प्रशिक्षण की चुनौतियों को किस प्रकार सुलझाया जाए एवं अधिक से अधिक असाक्षरों को उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित कराकर उन्हें साक्षर बनाने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया ।

**टीएलएम का निर्माण एवं उपयोग पर दी गई विस्तृत जानकारी :** जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर भुवन लाल साहू व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल लावातरा के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सभी के लिए शिक्षा की जानकारी देते हुए उल्लास के फुल फॉर्म, साक्षरता क्यों जरूरी है, इसके महत्व, कक्षा प्रबंधन, डीआरजी एवं स्वयं सेवी शिक्षकों की भूमिका, उन्हें कैसे प्रविष्टि करें, पाठ योजना निर्माण, वातावरण निर्माण एवं असाक्षरों को शिक्षित करने में तकनीकी का प्रयोग पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर राखी तिवारी के द्वारा उल्लास प्रवेशिका एवं संदर्शिका का परिचय, टीएलएम का निर्माण एवं उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी गई। कुशल प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न रोचक टीएलएम का निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण किया गया। इस प्रकार उल्लासमय वातावरण में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय कुशल प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण संपादित हुआ।

